पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने आबिद सुहैल के निधन पर दुःख व्यक्त किया

लखनऊः 27 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार श्री आबिद सुहैल के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

राज्यपाल ने अपने शोक सन्देश में कहा है कि श्री आबिद सुहैल ने उर्दू साहित्य और अंग्रेजी पत्रकारिता में बहुमूल्य योगदान दिया तथा नये प्रयोग की भी बड़ी सफलता से शुरूआत की। वे कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों से जुडे रहे तथा उन्हें अनेक सम्मान भी प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि श्री सुहैल का निधन साहित्य एवं पत्रकारिता क्षेत्र की अपूर्णनीय क्षति है।

श्री नाईक ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

अंजुम/ललित/राजभवन(33)